सुसमाचार नए स्थानों पर पहुँचता है।

बच्चों को पहले धर्मप्रचारक से परिचीत कराएँ।

बच्चों को सिखाने के लिए कोई भी गतिविधियाँ चुनिए।

कोई बड़ा बच्चा या अध्यापक अन्ताकिया की कलीसिया की कहानी पढ़ें या बताए कि उन्होंने कैसे धर्मप्रचारकों को भेजा (प्रेरितों के काम 13:1-6 और 32-52) बताए कि कैसे कलिसिया ने पौलुस और बरनाबास को यीशु के सुसमाचार को अन्य स्थानों पर लेकर भेजा।

यह प्रश्न पूछे। उत्तर प्रश्न के बाद में हैं।

- विश्वासी क्या कर रहे थे जब परमेश्वर ने शाऊल और बरनाबास को अलग किया (देखें पद 2)
- विश्वासियों ने शाऊल और बरनाबास को अपनी धर्मप्रचारक समूह भेजने से पहले क्या किया (देखें पद 3)
- परमेश्वर ने उस जादूगर को कैसे रोका जो लोगों को यीशु के विषय में जानने से रोक रहा था (देखें पद 11)
- लोग अपने गुनाह कैसे माफ करा सकते हैं। (38)
- कौनसे लोगों के समूह ने यीशु के सुसमाचार का विरोध किया (45-46)
- जब पौलुस और बरनाबास शहर से निकाल दिए गए, तो उन्होंने क्या किया (51)

कहानी के कुछ भाग का नाटक करें।

- मुख्य आराधना कलीसिया के अगुवो से मिलकर इस नाटक को प्रस्तुत करने का प्रबन्ध करें।
- बच्चों के साथ तैयारी में अपना समय दीजिए।
- आपको सारे भाग प्रयोग नहीं करने है।
- बड़े बच्चे तैयारी करने में जवान बच्चों की सहायता करें।
- बड़े बच्चे या पुरूष पौलुस और वर्णनकर्ता का पात्र अभिनय करें।
- जवान बच्चे यह वाला भाग प्रस्तुत करें:

बरनाबास,
राज्यपाल,
जादूगर,
मसीह,
यहूदी,
नास्तिक

नाटक, भाग एक, प्रेरितों के काम अध्याय 13:1–3

वर्णनकर्ता: पद 1–3 से कहानी का पहला भाग बताए, कहें, "सुनो मसीह लोग क्या कहते हैं"।

मसीह लोग: साथ मिलकर प्रार्थना करना और उपवास रखना अच्छा है। पवित्र आत्मा हमें कहती है, धर्मप्रचारको को भेजो। परमेश्वर हमें बता रहा है कि पौलुस और बरनाबास को भेजो।

बरनाबास: हाँ, हम सुसमाचार को नए स्थानो पर ले जाँएगे।

मसीह लोग: यहाँ घुटने टेकते हुए

हम तुम्हारे ऊपर हाथ रखकर तुम्हारे लिए प्रार्थना करेगें।

जहाँ परमेश्वर तुम्हें ले जाना चाहता है, वही तुम्हें भेजेगें।

पौलुस और बरनाबास: घुटने टेकते हुए।

मसीह लोग: पौलुस और बरनाबास पर हाथ रखकर उनके लिए प्रार्थना करते हैं।

पौलुस और बरनाबास:

भाग दो, प्रेरितों के काम अध्याय 13:4–12

वर्णनकर्ता: पद 4–12 से कहानी का दूसरा भाग बताए, कहें सुनो रोमन राज्यपाल क्या कहता है।

राज्यपाल: जाओ पौलुस को लेकर आओ। मैं यीशु के बारे में सुनना चाहता हूँ।

जादुगर: नहीं महोदय, पौलुस को मत बुलाओ। आपको उसके झूठे संदेश नहीं सुनना चाहिए।

पौलुस: जादूगर, तुम इस मनुष्य को धोखा देना चाहते है। परमेश्वर तुझको अन्धा कर देगा।

यहूदी: इस पागल आदमी की बातें मत सुनो।

बरनाबास: हमें पहले तुमसे बात करनी चाहिए थी। लेकिन तुमने यीशु का विरोध किया। अब हम नास्तिको से बात करेंगे, वह लोग जो यहूदी नहीं है।

नास्तिक लोग: हम आभारी है कि परमेश्वर ने तुम्हें हमारे पास भेजा है।

हमें यीशु के बारे में और बताओ। हम उसपर विश्वास करते हैं।

यहूदी: हमें इस आदमी को अपने शहर से बाहर कर देना चाहिए।

बरनाबास और पौलुस को धक्का देते हुए। अपने जूतों की धूल झाड़ते हुए, वह चले जाते हैं।

बरनाबास और पौलुस: अपने जूतों की धुल झाड़ते है और चले जाते हैं।

वर्णनकर्ता और बड़े बच्चें: उन सबका धन्यवाद जिन्होने नाटक मे सहायता की। लोगों को सुनने के लिए धन्यवाद।

पाँव का चित्र बनाएँ। बच्चे इसकी नकल करें। बच्चे आने वाली आराधना में बड़ों को यह चित्र दिखाकर समझाए कि परमेश्वर हमें कैसे नए स्थानो में लोगो को खोजने के लिए भेजता है, जो यीशु के सुसमाचार को सुनना चाहते हैं। बड़े बच्चे छोटे बच्चों की मदद करें।

पौलुस और बरनाबास की कहानी से प्रश्न **पूछिए।**

- बच्चों से पूछो, लोगों को और उदाहरण दें, जो नए स्थानो पर लोगों के लिए सुसमाचार लेकर गए।
- बच्चे उदाहरण दें।

- अगर बच्चे बड़ों के लिए कहानी का नाटक करना चाहते हैं, तो उन्हें बड़ों से वही प्रश्न पूछने दें।
- बच्चे बड़ों से पृष्ठ एक पद दिए गए प्रश्न भी पूछें।

यहोशू अध्याय 1:9 याद करें।

कविता दोहराए: चार बच्चे भजनसंहिता 29:1–4 पद एक एक करके दोहराएँ।

बड़े बच्चे कविता, गाना या लघु कहानी उन लोगों के बारे में लिखें जो सुसमाचार को दूर जगहों पर ले गए। वह यह काम सप्ताह के दौरान कर सकते हैं।

प्रार्थना: प्यारे परमेश्वर, आप पौलुस और बरनाबास की तरह बहुत लोगों को उनके पास भेजते हो, जो आपको नहीं जानते। आपकी आवाज़ सुनने में हमारी सहायता करें, जब आप हमें जाने को कहते हैं। हमें अपनी आत्मा से भर दो, ताकि हम पौलुस और बरनाबास की तरह साहस से सुसमाचार के बारे में बता सकें।

Copyright 2004 © by Paul-Timothy. May be freely copied. Download from www.Paul-Timothy.net